आर. एन. आई. नं. UPHIN/2010/32566 डाक. पंजीयन. संख्या– SSP/LW/NP-311

# अद्भुत समाचार

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी साप्ताहिक

हर ख़बर पर पैनी नज़र

वर्ष : 13 अंक : 09 लखनऊ, मंगलवार 07 जून 2022 से 13 जून, 2022 तक पृष्ठ–8 मूल्य : एक रूपया

## 'आइकानिक वीक समारोह' के अवसर पर पीएम मोदी ने जारी किए १, २, ५, १० और २० रुपये के सिक्के

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वित्त और कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय के 'आइकानिक वीक समारोह' का उद्घाटन किया. इस मौके पर उन्होंने १, २, ५, १० और २० रुपयों के सिक्कों की नई श्रृंखला भी जारी की. ये सिक्के आजादी का अमृत महोत्सव को समर्पित किए गए हैं. प्रधानमंत्री ने इस मौके पर कहा कि ये सिक्के लगातार लोगों को अमृत काल के लक्ष्यों की याद दिलाएंगे और उन्हें राष्ट्र के विकास में योगदान करने के लिए प्रेरित करेंगे. प्रधानमंत्री ने इस कार्यक्रम में उपस्थित वित्त और कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय के अधिकारियों, कर्मचारियों से कहा, 'आप सभी इस विरासत का हिस्सा हैं. देश के आम जन के जीवन को आसान बनाना हो, या देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त करना हो, बीते ७५ वर्षों में अनेक साथियों ने इसमें बहुत योगदान दिया है. बीते वर्षों में वित्त मंत्रालय और क रपोरेट मंत्रालय ने अपने कार्यों के द्वारा, सही समय पर सही निर्णयों के द्वारा अपनी एक विरासत बनाई है, एक बेहतरीन सफर तय किया है.'वित्त और कार्पोरेट कार्य मंत्रालय ६ से ११ जून तक 'आजादी का अमृत महोत्सव' के तहत आइकानिक समारोह आयोजित करेगा. इस दौरान कार्पोरेट कार्य



मंत्रालय और वित्त मंत्रालय का प्रत्येक विभाग अपने समृद्ध इतिहास और विरासत के साथ–साथ आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए तत्परता का प्रदर्शन करेगा. इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने क्रेडिट लिंक्ड सरकारी योजनाओं के लिए 'जन समर्थ पोर्टल' शुरू किया. यह पोर्टल अलग–अलग योजनाओं को एक ही मंच पर उपलब्ध कराएगा. यह अपने आप में पहला ऐसा पोर्टल होगा जो लाभार्थियों को ऋणदाताओं से जोड़ेगा.पीएम मोदी ने कार्यक्रम के दौरान अपने संबोध ान में कहा, 'आज यहां रुपये की गौरवशाली यात्रा को भी दिखाया गया. इस सफर से परिचित कराने वाली डिजिटल प्रदर्शनी भी शुरू हुई और आजादी के अमृत महोत्सव के लिए समर्पित नए सिक्के भी जारी हुए. आजादी के लंबे संघर्ष में जिसने भी हिस्सा लिया, उसने इस आंदोलन में नए आयाम को जोड़ा. आजादी का यह अमृत महोत्सव सिर्फ ७५ वर्षों का उत्सव मात्र नहीं है, बल्कि आजादी के नायक, नायिकाओं ने आजाद भारत के लिए जो सपने देखे थे, उन सपनों को परिपूर्ण करना, उन सपनों में नया सामर्थ्य भरना, और नए संकल्पों को लेकर आगे बढ़ने का पल है. भारत ने भी बीते आठ वर्षों में अलग–अलग आयामों पर काम किया है. इस दौरान देश में जो जनभागीदारी बढ़ी, उन्होंने देश के विकास को गति दी है, देश के गरीब से गरीब नागरिक को सशक्त किया है।

## राष्ट्रपति ने यूपी विधानमंडल के दोनों सदनों को किया संबोधित

लखनऊ। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने आज यूपी विधानमंडल के दोनों सदनों को संबोधित किया. उन्होंने सदन के सभी सदस्यों को चुने जाने पर बधाई दी. अपने संबोधन में राष्ट्रपति ने कहा कि यह बेहद महत्वपूर्ण है कि लोकसभा के सर्वाधिक सदस्य यूपी से ही में जन्म लेने के बाद देश के सर्वोच्च पद पर पहुंचना यह भारत के लोकतंत्र के लिए गर्व की बात है. मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यकाल के आठ वर्ष पूरे किए. इस अवसर पर उन्होंने देश को पांच मंत्र दिए. पीएम मोदी ने कहा कि आजादी



चुने जाते हैं. देश के वर्तमान पीएम नरेंद्र मोदी उत्तर प्रदेश से ही चुनकर बने हैं. राष्ट्रपति कोविंद ने अपने संबोधन के दौरान विधानसभा में महिला सदस्यों को लेकर भी अपनी बात रखी. उन्होंने कहा कि, यूपी विधानसभा में महिला सदस्यों की संख्या ४७ है जो कि कुल सदस्यों ४०३ का १२ प्रतिशत है. वहीं, विधान परिषद में कुल १०० सदस्यों में महिलाओं की संख्या सिर्फ पांच है. जिसे और बढ़ाए जाने की जरूरत है.राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का स्वागत करते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने विधानमंडल के दोनों सदनों को संबोधित करने के लिए उनका आभार जताया. सीएम योगी ने कहा कि एक साधारण से परिवार की अमृत महोत्सव का अर्थ आजादी की ऊर्जा का महोत्सव, स्वाधीनता सेनानियों से प्रेरणा का महोत्सव, नये विचारों का महोत्सव, नये संकल्पों का महोत्सव और आत्मनिभज्ञता को प्राप्त करने का महोत्सव. इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी सदन को संबोधित किया. उन्होंने राष्ट्रपति का स्वागत करते हुए कहा कि, हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं, लेकिन एक सच ये भी है कि बिना भेदभाव खत्म हुए आजादी का कोई मतलब नहीं है. उन्होने बताया कि कोई कितने बड़े पद पर पहुंच गया हो पर ऐसा नहीं हो सकता है कि उसने भेदभाव का सामना न किया हो।

## ववेकानन्द ने भारत के सनातन धर्म की पहचान पूरी दुनिया को कराई : योगी

मथुरा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द ने भारत के सनातन ध र्म की पहचान पूरी दुनिया को कराई। रामकृष्ण मिशन अस्पताल वृन्दावन में सोमवार शाम कैथ लैब का उदघाटन करने के बाद उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानन्द ने मानवता, शिक्षा आदि के क्षेत्र में जो कार्य किया, वह अभिनन्दनीय है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छ भारत मिशन के माध्यम से विश्व में भारत की पहचान बनाई। जब समर्पण के साथ सुविधा बढ़ती है तो बहुत अधिक प्रभावी होती है। उन्होंने उम्मीद जताई कि क्षेत्र की जनता को इसका लाभ मिलेगा क्योंकि यहां पर सुपरस्पेशिलिटी सुविधाएं बेहतर है। ब्रजवासियों को इसका पूरा लाभ मिलेगा। योगी ने रामकृष्ण मिशन अस्पताल वृन्दावन को आयुष्मान भारत योजना से जोड़ने का सुझाव दिया। उन्होंने बताया कि दस करोड़ लोग आयुष्मान योजना से जुड़े हुए हैं यदि यह अस्पताल उस योजना से जुड़ जाय तो लोगों को सस्ती और विश्वसनीय चिकित्सा सुविधा मिल जाएगी। उन्होंने इस अस्पताल को मुख्यमंत्री सहायता कोष और



मुख्यमंत्री राहत कोष से जोड़ने के लिए जिला प्रशासन को निर्देश दिया। उन्होंने अस्पताल के व्यवस्थापकों से इसके साथ ही पैरा मेडिकल कोर्सेज, बीएससी नर्सिंग आदि के खोलने का सुझाव दिया और कहा कि इससे सेवा के साथ रोजगार भी दिया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने पूर्व में करोना महामारी का जिक्र किया और कहा कि इस बीमारी ने सही सेवा करने वालों एवं सेवा का प्रचार करने वालों के अन्तर को स्पष्ट कर दिया। भारत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विश्व को दिखा दिया कि इस बीमारी से किस प्रकार निपटा जा सकता है। उन्होंने वास्तव में जीवन और जीविका के समन्वय का आदर्श विश्व के सामने पेश किया। सीएम योगी आज शाम वृन्दावन आने के बाद सीधे पहले बांकेबिहारी मन्दिर वृन्दावन पहुंचे जहां पर उन्होंने प्रदेश और राष्ट्र के कल्याण के लिए पूजन अर्चन किया। पूजन की रश्म निभाते हुए शयनभोग सेवायत आचार्य शशांक गोस्वामी ने उन्हें न केवल बांकेबिहारी महराज का प्रसादी अंगवस्त्रम भेंट किया बल्कि वैदिक मंत्रों के मध्य ठाकुर की पूजा भी कराई। मुख्यमंत्री ने इसके बाद कैबिनेट मंत्री लक्ष्मीनारायण चौधरी के पुत्र के विवाह में शामिल होकर वर वधू को आशीर्वाद भी दिया।

## महात्मा गांधी के चित्र वाले नोट को बदलने का कोई प्रस्ताव नही : आरबीआई

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को कहा कि महात्मा गांधी के चित्र वाले वर्तमान मुद्रा और बैंक–नोट को दूसरों के चित्र वाले नोट के साथ बदलने का कोई प्रस्ताव नहीं है।इसने उन रिपोर्टों का खंडन किया जिसमें दावा किया गया था कि आरबीआई मौजूदा मुद्रा और बैंक नोटों में बदलाव पर विचार कर रहा था। केंद्रीय बैंक ने एक बयान में इस तरह की चर्चाओं के बारे में एक बयान में स्पष्ट किया, "मीडिया में कुछ जगह ऐसी खबरें दिखी हैं कि भारतीय रिजर्व बैंक महात्मा गांधी के चित्र वाली वर्तमान मुद्राओं और बैंक नोटों को बदल



कर उसकी जगह अन्य लोगों के चित्रवाले नोट और मुद्रा लाने का विचार कर रहा है। यह ध्यान दिया जाए कि रिजर्व बैंक का ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

# सम्पादकीय

## सियासी समीकरण

बीजेपी का सियासी समीकरण एक बार फिर बदलने वाला है? बीसवीं सदी में श्रीराम मंदिर आंदोलन के दौरान बीजेपी के संस्थापक और प्रमुख नेता रहे लालकृष्ण आडवाणी सबसे बड़े पॉलिटिकल हीरो बनकर उभरे थे, लेकिन एक्कीसवीं सदी के पहले दशक के बाद लालेंष्ण आडवाणी के बजाए गुजरात के मुख्यमंत्री रहे नरेंद्र मोदी सबसे बड़े पॉलिटिकल हीरो बन गए और अब यह सियासी समीकरण भी बदल रहा है, अब यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सबसे बड़े पॉलिटिकल हीरो बनते जा रहे हैं? बीजेपी समर्थकों के बीच जो पालिटिकल क्रेज २०१४ में मोदी का था, आजकल योगी का नजर आ रहा है, तो क्या.... २०२४ में योगी पीएम फेस होंगे? लगता तो यही है, क्योंकि अब बीजेपी कार्यकर्ताओं में जोश भरने की राजनीतिक ताकत केवल सीएम योगी में नजर आ रही है! बीजेपी के समर्थकों के बीच ही नहीं, आम जनता में भी मोदी का वो आकर्षण नहीं रहा है कि अब जनता अच्छे दिन के दावे पर भरोसा कर सके? मोदी–राज के इन आठ वर्षों में जनता ने जो दर्द प्रत्यक्ष महसूस किया है, उसे किसी पॉलिटिकल मैनेजमेंट के दम पर खत्म नहीं किया जा सकता है! यह तो योगी का ही सियासी दम था कि यूपी चुनाव में वे फिर से जीत दर्ज करवाने में कामयाब रहे, वरना जनता की केंद्र की मोदी सरकार के प्रति नाराजगी बीजेपी को भारी पड़ सकती थी? लोग पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस के रेट को लेकर बेहद खफा थे, तो बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी ने सबको परेशान करके रख दिया था, ऐसे माहौल में भी योगी की शानदार सफलता आश्चर्यजनक है! सियासी सयानों का मानना है कि बीजेपी के पास करीब आधा दर्जन ही ऐसे राज्य हैं, जहां से बहुमत की ज्यादातर लोकसभा सीटें आई हैं और उनमें भी यूपी सबसे प्रमुख है, लिहाजा पीएम मोदी के सियासी तौर–तरीकों, उपदेशों से उब चुकी जनता को यदि योगी जैसा विकल्प मिला तो ही २०२४ में बीजेपी लोकसभा चुनाव में बहुमत की उम्मीद रख सकती है?

## कई नेताओं ने दी मुख्यमंत्री योगी को जन्मदिन की दी बधाई

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ५०वें जन्मदिन पर इंटरनेट मीडिया के साथ अन्य माध्यम से बधाइयां मिलीं। भाजपा की उत्तर प्रदेश के साथ केनद्र सरकार के खिलाफ अक्सर ही हमला बोलने वाली बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने रविवार को ट्विटर पर सबसे पहले सीएम योगी आदित्यनाथ को बध ााई दी। समाजवादी पार्टी के अध यक्ष अखिलेश यादव की तरफ से सीएम योगी आदित्यनाथ को उनके जन्मदिन पर बधाई के दो शब्द भी नहीं लिखे गए। बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने रविवार को सुबह ७ः ४८ बजे सीएम योगी आदित्यनाथ को जन्मदिन की बधाई का ट्वीट किया। प्रध ाानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तरफ से ८ःरू२६ बजे बधाई का ट्वीट आया तो रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ८ःरू२७ और गृह तथा सहकारिता मंत्री अमित शाह ने ८ः५८ बजे ट्वीट किया।बसपा मुखिया मायावती ने लिखा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को आज उनके जन्मदिन पर हार्दिक बधाई एवं उनके दीर्घायु होने की भी कुदरत से कामना। पीएम मोदी ने ट्वीट कर लिखा कि उत्तर प्रदेश के गतिशील मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी



को जन्मदिन की बधाई। उनके कुशल नेतृत्व में राज्य ने प्रगति की नई ऊंचाइयों को छुआ है। उन्होंने राज्य के लोगों के लिए जनहितैषी शासन सुनिश्चित किया है। लोगों की सेवा में उनके लंबे और स्वस्थ जीवन के लिए प्रार्थना करता हूं।लखनऊ के सांसद तथा देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लिखा कि नए उत्तर प्रदेश के निर्माण में पूरी शक्ति और युक्ति से जुटे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जन्मदिवस की अनंत शुभकामना। प्रदेश की जनता के कल्याण और विकास के लिए वे समर्पित भाव से निरंतर परिश्रम कर रहे हैं। ईश्वर उन्हें स्वस्थ रखे और दीर्घायु करे। गृह तथा सहकारिता मंत्री अमित शाह ने लिखा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को जन्मदिन की शुभकामना। पीएम मोदी जी के मार्गदर्शन में आपने जिस प्रकार उत्तरप्रदेश को गुंडाराज व माफियाराज से मुक्त कर विकासोन्मुख शासन दिया है उससे प्रदेश प्रगति के नए कीर्तिमान बना रहा है। आप स्वस्थ रहें व दीर्घायु हों ऐसी ईश्वर से कामना करता हूं।समाजवादी पार्टी के विधायक प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव ने बधाई के ट्वीट में लिखा कि उत्तर प्रदेश के संत ह्रदय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामना। मैं आपके उत्तम स्वास्थ्य और मंगलमव व दीर्घायु जीवन की कामना करता हूं।

## बच्चों की मृत्युदर को करना है कम ःउप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक

लखनऊ। नवजात के पैदा होते ही उसके जीवन के लिए पहला मिनट,पहला सप्ताह,पहला महीना व पहला वर्ष बहुत ही महत्वपूर्ण होता है। इस दौरान कई बच्चों की मृत्यु हो जाती है। इसी मृत्युदर को हमें कम करना है। यह कहना है उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक का। उन्होंने यह बात झलकारी बाई अस्पताल में नवीनीं पैथाल जी के लोकार्पण कार्यक्रम में कही। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक मुख्य अतिथि के तौर पर लोकार्पण कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे थे। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चों की मृत्युदर कम करने के लिए सबसे जरूरी है कि महिलाओं का सुरक्षित प्रसव संस्थागत यानी की अस्पताल में हो। इसके अलावा नवजात बच्चों को कम से कम ४८ घंटे अस्पताल में रखा जाये, जब उनका टीकाकरण हो जाये, तभी उन्हें घर भेजा जाये। यह प्रयास हम सभी लोगों को मिलकर करना है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने यह भी कहा कि आगे से अस्पताल में कोई बड़ा आयोजन न करें,यदि करें तो कम संख्या में लोग आयें साथ ही



माइक का प्रयोग न किया जाये,क्योंकि अस्पताल में छोटे बच्चे तथा महिलायें भर्ती होती है,तेज अवाज व अधिक भीड़ से स्वास्थ्य संबंधी समस्या पैदा हो सकती है। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने कहा कि सरकारी अस्पतालों में मरीजों के संख्या को देखें तो वह बहुत अधिक हैं और संसाधन बहुत कम,लेकिन फिर भी सरकारी अस्पताल बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। वहीं निजी अस्पतालों संसाधनों की भरमार है,फिर भी मरीज वहां कम ही संख्या में जाते हैं। सरकारी अस्पतालों के मुकाबले वहां कम तादात में मरीज पहुंचते हैं। राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह बतौर विशिष्ट अतिथि कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे थे।

## लखनऊ विश्वविद्यालय के तीन छात्र गेट-बी प्रवेश परीक्षा की रैंक में हुए शामिल

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के तीन छात्र अखिल भारतीय स्तर पर हुई ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट आफ बायोटेक्नोलाजी (गेट–बी) प्रवेश परीक्षा की रैंक में तीन छात्र शामिल हुए है। यह परीक्षा नेशनल



टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से आयोजित की गई थी। इसमें बीएससी जेनेटिक्स तृतीय वर्ष के छात्र सुमित सिंह को आल ओवर इंडिया में ३५वीं रैंक, सुभाष चंद्र चौरसिया को ११४वीं रैंक और शिवांशी मदेशिया को १२६वीं रैंक मिली है। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने सभी सफल छात्रों को बध ााई एवं उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी है। अधि ष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि यह परीक्षा भारत सरकार के डिपार्टमेंट आफ बायोटेक्नोलाजी द्वारा वित्त पोषित जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय और बनारस हिंदू विश्वविद्यालय जैसे और कई अन्य विश्वविद्यालयों के बायोटेक्नोलाजी विषय से एमएससी में प्रवेश के लिए आयोजित की जाती है। अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित इस प्रवेश परीक्षा में केवल १०८० अभ्यर्थी सफल घोषित किए गए हैं। उनमें से अच्छी रैंक वाले तीन विद्यार्थी लखनऊ विश्वविद्यालय के हैं। यह बड़ी उपलब्धि है। छात्र सुभाष चंद्र चौरसिया ने बताया कि रैंक के हिसाब से पंजाब यूनिवर्सिटी, आइआइटी रुड़की सहित कई संस्थानों में एमएससी बायोटेक्नोलाजी में प्रवेश मिलने की उम्मीद है।

## समय से चले बसें, व्यवहारिक बने चालक–परिचालक : दयाशंकर सिंह



लखनऊ। बसों के बेहतर संचालन के लिए परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने अवध बस अड्डे से बलिया तक रोडवेज बस में सफर किया। इस दौरान उन्होंने यात्रियों से बात कर उनका फीड बैक लिया। उन्होंने कहा कि हर यात्री का समय महत्वपूर्ण है। ऐसे में में उन्हें समय से सुरक्षित गंतव्य तक पहुंचायें। उन्होंने बसों में साफ–सफाई पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश भी दिये। परिवहन मंत्री को बताया कि रोडवेज बसों का संचालन समय से शुरू किया जाये। इसके साथ ही बसों में मौजूद चालकों और परिचालकों का व्यवहार यात्रियों के लिए अच्छा हो। सीट और शीशों को बेहतर बनाए जाने का सुझाव दिया।

# फेसबुक पर जुड़े लखनवी मंच पर उतरे मचाने धमाल

लखनऊ। अमूमन फेसबुक सोशल मीडिया पर बातें और कार्यक्रम करने वाले लखनऊ कनेक्शन वर्ल्डवाईड ग्रुप के सदस्यों में से चुनिंदा देश–विदेश में रहने वाले शहरवासी आज शाम ए अवधश के मंच पर एकत्र हुएस यह महफिल



आईआईए भवन गोमतीनगर में सजी स फेसबुक पेज लखनऊ कनेक्शन वर्ल्डवाइड से लगभग ४२ हजार देश विदेश में रह रहे लखनऊ वासी जुडे हैं। इस शाम इकट्ठा हुए सदस्य अपने उन प्रिय मित्रों से साक्षात मिले जिनसे ज्यादातर अ नलाइन ही मिलते थे। ग्रुप के संस्थापक सुनील मिश्रा, श्महफिल ए लखनऊश कार्यक्रम संयोजक राजीव सक्सेना, श्परपंचूश कार्यक्रम की संयोजक विनीता मिश्रा और शोभा बाजपेई, श्अन्ताक्षरीश संयोजक रुचि गोपाल व रश्मि मिश्रा से सभी ने आमने–सामने बातें की। अनिल शुक्ला ने बताया कि लखनऊ से दूर बसे लखनऊ वासियों को करीब लाने के उद्देश्य से सोशल साइट्स पर यह फेसबुक पेज बनाया गया, जो आज वृहद परिवार का रूप धारण कर चुका है स लखनवी जमीन पर ये दूसरा जीवंत मंच कार्यक्रम है । इस मुलाकात के मौके पर मंच पर परिणिता व गोयल दक्षिता दुबे ने स्वागत नृत्य किया। रतन सिस्टर के नाम से राष्ट्रीय पहचान बना चुकी अर्जुन मिश्र व सुरभि सिंह की शिष्या ईशा रतन और मीशा रतन ने पद्मविभूषण पं.बिरजू महाराज की रचना इठलाती बलखाती... पर पारम्परिक कथक की खूबसूरत प्रस्तुति दी। विनीता मिश्रा व नीरजा शुक्ला ने काव्य पाठ किया। शेरिन फर्नांडिस, आरजे पारुल, प्रदीप अली, मास्टर अक्षय अवस्थी व पुनीत ने फिल्मी, शास्त्रीय, गीतों की सुरलहरी बिखेरी तो आफताब की मिमिक्री ने हँसा–हँसा कर लोट पोट कर दिया। फेसबुक पेज पर होने वाली अंताक्षरी प्रतियोगिता के विजेताओं सरयू समूह के डा.सर्वेश त्रिपाठीय ब्रह्मपुत्र समूह की दीपा दीक्षितय गोमती समूह की सुमोना पांडेय को साथियों सहित पुरस्ेत किया गया।मुख्य अतिथि कथक नृत्यांगना कुमकुम धर ने गायन में नम्रता मिश्रा और संयुक्त बनर्जी को पुरस्ेत किया। डा.अंजली शर्मा और नीलम सिंह को कैंसर मरीजों के लिए किये योगदान पर सम्मानित किया गया दूरदर्शन के आत्मप्रकाश मिश्रा एवं डा.अरविंद चतुर्वेदी ने आये हुए लोगो के बीच अ न द स्पाट अंताक्षरी, गायन और फैंसी ड्रेस के प्रतिभागियों को पुरस्ेत किया। कार्यक्रम का संचालन आकाशवाणी अधिकारी सुमोना एस पांडेय और सुनील पांडेय ने किया। ज्योति किरन रतन, प्रदीप शर्मा, ध्रुव खरे, नम्रता मिश्रा, रुचि गोपाल, रश्मि मिश्रा, शशि किरन खरे, शोभा बाजपेई, शेरीन फर्नांडिस को विशेष योगदान के लिए सम्मानित किया गया। मानवाधिकार के उमेश चांदना सहित सभी ने उत्साहित होकर अन्ताक्षरी और फैंसी ड्रेस जैसी प्रतियोगिताओं में भाग लेकर पुरस्कार पाए। इस अवसर पर एक छोटी कला प्रदर्शनी भी लगाई गई।

# रश्मि खण्ड महिला मंडल ने बड़े ही धूमधाम से मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

**राकेश पाण्डेय 'निश्छल'**

लखनऊ। विश्व पर्यावरण दिवस पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण हेतु पूरे विश्व में मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने की घोषणा



संयुक्त राष्ट्र ने पर्यावरण के प्रति वैश्विक स्तर पर राजनीतिक और सामाजिक जागृति लाने हेतु वर्ष १९७२ में की थी। इसे ५ जून से १६ जून तक संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा आयोजित विश्व पर्यावरण सम्मेलन में चर्चा के बाद शुरू किया गया था। ५ जून १९७४ को पहला विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। तभी से लोग पूरे विश्व में पर्यावरण दिवस किसी त्योहार की तरह बड़े ही धूमधाम से मनाते हैं. इसी कड़ी में आज लखनऊ के शारदा नगर क्षेत्र के कालेश्वर मन्दिर परिसर में आज दिनांक ५जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर रश्मि खण्ड लखनऊ के तत्वावधान में महिला मंडल के द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कालेश्वर मन्दिर परिसर रश्मिखंड लखनऊ में महिला मंडल के द्वारा बरगद, पीपल, बेल, नीम तथा आंवला आदि वृक्षो का रोपण किया गया। महा मंत्री यामिनी द्विवेदी ने बताया कि प्रकृति ने हमें सब कुछ दिया है.. अब हमारी बारी है...प्रदूषण मुक्त पर्यावरण बनाने के लिए जनमानस को जाग्रत करना हमारा उद्धेश्य है। वहां उपस्थित महिला मंडल की सभी महिलाओं नें समस्त क्षेत्रवासियों से विनम्र निवेदन किया और कहा कि आप सब भी अपने आस–पास वृक्षारोपण कर अपने क्षेत्र और पर्यावरण को स्वच्छ और हरा भरा बनाए। घरों में गमलों में लगाए पौधे वृक्षारोपण नही कहलाता है ये सिर्फ हमको हरियाली का अहसास कराते है, जबकि भूमि में लगे वृक्ष मिट्टी का कटान रोकते हैं, शुद्ध हवा,वर्षा को आमंत्रण, फल और छाया प्रदान करते हैं अतः पृथ्वी मां का श्रृंगार करते हुए उन वृक्षों की पुत्रवत सुरक्षा भी करें। इस पवित्र कार्यक्रम में मंडल की अध्यक्ष श्रीमती सुधा दीक्षित, महा मंत्री यामिनी द्विवेदी, मंत्री श्रीमती आभा शुक्ला, कोषाध्यक्ष प्रभा यादव, सदस्य गुड़िया शुक्ला,शोभा मिश्रा आदि जागरूक महिलाओं ने भाग लिया।

## वित्त मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना ने जनपद हापुड़ स्थित फैक्ट्री में घटित दुर्घटना में हुई जनहानि पर दुःख व्यक्त किया



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना ने जनपद हापुड़ स्थित फैक्ट्री में हुई दुर्घटना से होने वाली जनहानि पर दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने पीड़ित परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं ब्यक्त करते हुए कहा है कि इस विस्फोट दुर्घटना में हुई जान माल की हानि अत्यंत दुखद है। श्री खन्ना ने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति व दुर्घटना में घायल लोगों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। उन्होंने कहा कि उनकी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं।

## परिवहन विभाग नागरिकों को बेहतर परिवहन सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध-श्री दया शंकर सिंह

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दयाशंकर सिंह अवध डिपो से उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बस में बैठकर लखनऊ से बलिया तक सफर किया एवं बस यात्रियों से उनका हालचाल जाना और निगम द्वारा दी जाने वाली परिवहन सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। श्री सिंह ने कहा कि परिवहन विभाग नागरिकों को बेहतर परिवहन सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल में लोगों को एक बेहतर परिवहन सुविधाएं और आरामदायक एवं सुविधाजनक परिवहन सेवाएं उपलब्ध करायी जा रही है, इस दिशा में यात्रियों से सुधार हेतु सुझाव भी मांगे। दया शंकर सिंह ने कहा कि प्रत्येक नागारिक का समय महत्वपूर्ण है, यात्री निर्धारित समय व सुरक्षित एवं आरामदायक यात्रा कर अपने गंतव्य स्थान तक पहुँचे। उन्होने बसों में साफ–सफाई एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश भी दिये।

# आओ एक पेड़ लगाएं

**राकेश पाण्डेय निश्छल**

लखनऊ। आज विश्व पर्यावरण दिवस है स आज के दिन पूरे विश्व में वृक्षारोपण का वृहद कार्यक्रम आयोजित किया जाता है स लेकिन यह कार्यक्रम सिर्फ आज के दिन ही नहीं, बल्कि वर्ष के सभी दिन किसी न किसी व्यक्ति को या संस्था को आयोजित करना चाहिए स मेरा तो यह मानना है कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में वर्ष में एक बार एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए स वह चाहे अपने जन्मदिन पर लगाएं या शादी की सालगिरह पर या बच्चों के जन्मदिन पर स लेकिन हर परिवार से यदि एक पेड़ भी लगाया जाए और उसकी देखभाल अच्छे ढंग से की जाए उसे पाल पोस कर बड़ा किया जाएस तो मुझे नहीं लगता कि देश में वृक्षों की कमी होगी स लेकिन मेरे देश का दुर्भाग्य है हम सिर्फ पर्यावरण दिवस वाले दिन ही वह कार्य करते हैं और फिर साल भर भूल जाते हैं स इसीलिए भारत में जंगलों की कमी हो रही है स उक्त विचार आज मानव धर्म मंदिर के संस्थापक तथा त्रिवेणी वस्त्र बैंक के संचालक रामानंद सैनी ने अपने परिवार के साथ मानव धर्म मंदिर के प्रांगण में वृक्षारोपण करते हुए व्यक्त किए स उनके साथ में धर्मपत्नी मंजू



सैनी और दोनों बेटों ने भी वृक्षारोपण में सहयोग किया। अधिवक्ता मंजू सैनी ने लोगों से अपील की कि सभी लोग अपने आसपास के पार्कों में, घरों के पास या घर में पड़ी हुई खाली भूमि पर अगर कहीं पर नहीं मिलती है तो अपने घर में गमले रखकर के गमले में ही एक पेड़ लगाएं स ताकि हमारे देश का जो जंगल का असंतुलन है उसे दूर किया जा सके सआज समाजसेवी दंपत्ति ने अमरूद, नीम और नींबू के पेड़ों को लगा कर के विश्व पर्यावरण दिवस में अपनी भागीदारी निभाई।

# कानपुर में बवाल का मास्टर माइंड हयात जफर हाशमी चार प्रमुख साथियों सहित लखनऊ से गिरफ्तार

कानपुर। परेड में नई सड़क पर जुमे की नमाज के बाद हुए बवाल में मास्टरमाइंड बताया जा रहा हयात जफर हाशमी और उसके चार प्रमुख साथियों को पुलिस ने लखनऊ से गिरफ्तार कर लिया है। वह बवाल के बाद से फरार हो गया था और पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। हयात और उसके साथी लखनऊ में एक यूट्यूब चैनल के कार्यालय में छिपे थे। सटीक सूचना के आधार पर कानपुर कमिश्नरेट की क्राइम ब्रांच टीम ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब हयात के पीएफआइ से कनेक्शन की तलाश कर रही है। कानपुर का हयात जफर हाशमी मौलाना मोहम्मद अली (एमएमए) जौहर फैंस एसोसिएशन का अध्यक्ष है और पहले भी माहौल बिगाड़ने के प्रयास में उसका नाम आ चुका है। शहर में बीते वर्षों में हुए उपद्रव के बाद उसका नाम सामने आया था। कानपुर में बवाल से पहले भी उसने लोगों को जोड़ने के लिए तैयारी की थी। शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद हुए



बवाल के बाद से वह फरार हो गया था और पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। शनिवार को पुलिस लाइन में पत्रकार वार्ता में पुलिस आयुक्त विजय सिंह मीना ने जौहर फैंस एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हयात जफर हाशमी की गिरफ्तारी की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि पुलिस की अबतक की जांच में सामने आया है कि हयात और उसके साथियों ने ही उपद्रव की साजिश रची थी। उपद्रव के बाद ये सभी लखनऊ के एक यूट्यूब चैनल के कार्यालय में जाकर छिप गए थे। सटीक सूचना मिलने पर पुलिस ने लखनऊ से उन्हें पकड़ा है। उनके ६ मोबाइल और कुछ आपत्तिजनक दस्तावेज भी मिले हैं। पुलिस आयुक्त ने बताया कि पिछले दिनों मणिपुर और पश्चिम बंगाल में भाजपा नेत्री के बयान पर प पुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआइ) की ओर से बंद का आह्वान किया गया था, उसी तारीख को कानपुर में भी बंद के लिए आह्ववान किया गया। इस आधार पर पुलिस जांच कर रही है कि हयात जफर हाशमी का कनेक्शन कहीं प पुलर फ्रंट अ फ इंडिया से तो नहीं है।पुलिस आयुक्त ने बताया कि नागरिकता संशोधन कानून लागू होने के बाद शहर में बवाल की जांच में पुलिस को पीएफआई का कनेक्शन मिला था। पीएफआई के पांच कार्यकर्ता भी गिरफ्तार किए गए थे। उनकी डिटेल भी निकलवाई जा रही है ताकि उनसे हयात जफर हाशमी के संबंधों की जानकारी की जा सके। पुलिस आयुक्त ने बताया कि इस प्रकरण में तीन मुकदमे दर्ज किए गए हैं। हयात को शनिवार को अदालत में पेश करके पुलिस पूछताछ के लिए उसका रिमांड लेगी।पुलिस आयुक्त के मुताबिक हयात जफर हाशमी उसके साथियों और उसके संगठन के बैंक खातों की भी जांच की जाएगी बैंक खातों की जांच से यह सामने आ सकेगा इस शहर में उपद्रव के लिए कहीं बाहर से फंडिंग तो नहीं की जा रहीहयात जफर हाशमी घर पर राशन कोटे की दुकान चलाता है और इंटरनेट मीडिया के सोशल प्लेटफार्म पर सक्रिय रहता है। बीते वर्षों में कानपुर में एनआरसी और सीएए को लेकर बवाल में भी उसकी भूमिका सामने आई थी। २१ अक्टूबर को उसने मूलगंज से मेस्टन रोड, शिवाला बाजार, रामनारायण बाजार होते हुए फूलबाग तक जुलूस ए मोहम्मदी निकाला था, जिसमें उसपर मुकदमा भी दर्ज हुआ था।

## कांग्रेस के महानगर महासचिव ने पहले पत्नी को गोलियों से भूना फिर कर ली खुदकुशी

मथुरा। कांग्रेस के महानगर महासचिव ने रविवार की शाम को पहले अपनी पत्नी को गोलियों से भूना और फिर बच्चों के कमरे में जाकर खुद को गोली मार ली। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के पीछे की वजह मृतक के आर्थिक तंगी से जूझने और गृह क्लेश माना जा रहा है। पुलिस ने लाइसेंसी पिस्टल भी कमरे में मिल गई। खोखा कारतूस भी पुलिस के हाथ लगे हैं। पुलिस सीसी टीवी खंगाल रही है।थाना गोविंद नगर क्षेत्र के मंडी रामदास स्थित गली गंगादयाल के मूल निवासी केके कौशिक उर्फ निमाई पंडित (४२) और उनकी पत्नी साधना (४०) के खून से लथपथ शव शाम को जगन्नाथपुरी में मिले। दंपती पिछले करीब चार साल से यहां किराए के मकान में रह रहे थे। करीब साढ़े चार बजे निमाई पंडित के बड़े पुत्र संकेत ने सामने गेस्ट हाउस पर मौजूद युवक संजू और चुन्नू को पिता के द्वारा गोली मार लेने की जानकारी दी।दोनों ने पड़ोसियों को बताया और घर के अंदर गए। अंदर एक कमरे में साधना का शव जमीन पर पड़ा हुआ था और दूसरे कमरे में कांग्रेस के महानगर के महासचिव निमाई पंडित का शव पड़ा था। दरवाजे के पास ही पिस्टल भी पड़ी हुई थी। लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी और दोनों को अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।एसपी सिटी एमपी सिंह और सीओ सिटी अभिषेक तिवारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए और फोरेंसिक टीम को भी बुला लिया गया। एसपी सिटी ने बताया, प्रारंभिक जांच में लगता है कि निमाई पंडित ने पहले अपनी पत्नी को तीन–चार गोलियां मारी हैं। तीन गोली सीने में और एक कनपटी पर लगी है।इसके बाद निमाई पंडित अपने दूसरे कमरे में गया। इसी कमरे में उनके बेटे संकेत (१६) अपने भाई आकर्ष और बहन उन्नति के साथ सो रहे थे। निमाई पंडित ने बच्चों के ही कमरे में खुद को दांयी तरफ कनपटी पर गोली मार ली।एसपी सिटी ने बताया, आसपास के लोगों ने निमाई पंडित के घर में हुई फायरिंग की आवाज नहीं सुनी थी। अन्य लोगों से जानकारी मिली है कि निमाई पंडित कई दिनों से तनाव में थे। वह आर्थिक तंगी से जूझ रहे थे। इसके पीछे लेनदेन का मामला बताया जा रहा है।एसपी सिटी ने बताया, प्रारंभिक जांच खुदकुशी का मामला है। मौके पर लाइसेंस पिस्टल मिल गई। खोखा भी मौके से मिले हैं। घटना की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। घर के बाद तीन सीसीटीवी लगे हुए हैं। इनकी भी जांच की जा रही है।

## हयात और साथियों को भेजा गया जेल

कानपुर। शहर में परेड नई सड़क से दादा मियां हाता में बवाल में आरोपित मास्टरमाइंड हयात जफर हाशमी और तीन साथियों को रविवार को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने हयात और उसके साथियों को जेल भेज दिया है। वहीं पुलिस ने बवाल में सात और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अबतक २६ उपद्रवियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस बल तैनात है और बाजार में कुछ ही दुकानें खुली हैं लेकिन लोग घरों से बाहर नहीं निकल रहे हैं। परेड नई सड़क पर शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद बवाल हो गया था। पथराव और तोड़फोड़ में लोग घायल हुए थे। बवाल शांत कराने के बाद पुलिस ने तीन मुकदमे दर्ज करके ३६ नामजद और हजारों अज्ञात को शामिल किया था। पुलिस ने बवाल के मास्टर माइंड आरोपित जौहर फैंस एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हयात जफर हाशमी और उसके तीन साथियों जावेद अहमद मोहम्मद राहिल और मोहम्मद सुफियान को लखनऊ से गिरफ्तार किया था। इसके अलावा १८ अन्य उपद्रवियों को भी गिरफ्तार किया जा चुका है। रविवार को भारी सुरक्षा के बीच दोपहर करीब २ : ३० बजे



सभी आरोपितों को विशेष न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय ने हयात समेत सभी आरोपितों को न्यायिक अभिरक्षा में १४ दिनों के लिए जेल भेजने का आदेश किया है। हयात और उनके साथियों को कोर्ट में पेश करने से पहले कचहरी परिसर में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया था। पुलिस के अलावा पीएसी के जवान भी मौजूद थे। आरोपितों की कोर्ट में पेशी के दौरान पुलिस आयुक्त विजय सिंह मीना ने नेतृत्व किया। संयुक्त पुलिस आयुक्त आनंद प्रकाश तिवारी ने बताया शनिवार तक २२ लोग गिरफ्तार किए गए थे। रविवार दोपहर तक सात और उपद्रवियों को गिरफ्तार किया गया है। उनकी पहचान सीसीटीवी फुटेज के आधार पर की गई है। अबतक २६ उपद्रवियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। उन्होंने बताया कि प्रकरण में केरल के पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया के शामिल होने के संकेत मिल रहे हैं। पीएफआई से हयात का कनेक्शन की जांच की जा रही है, जल्दी अन्य उपद्रवियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

## हथियारों का सौदागर यूपी समेत छह राज्यों में हथियार सप्लाई करता था

मेरठ। हथियारों का सौदागर जहीरुददीन यूपी समेत छह राज्यों में हथियारों की सप्लाई देता था। जेल से जमानत पर आने के बाद दोबारा से फर्जी पासपोर्ट बनवाकर विदेश भागने की फिराक में लगा था। पुलिस जहीरुददीन की हिस्ट्री निकाल रही है। देखा जा रहा है कि जहीरुददीन ने किस किस गैंग को हथियार सप्लाई किए है। सीओ कोतवाली को इस कार्य में लगा दिया है।बता दें कि १३ अप्रैल को भी गाजियाबाद पुलिस ने जहीरुददीन को एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया था। उस समय भी विदेश भाग रहा था। जहीरुद्दीन थाना कोतवाली क्षेत्र स्थित सराय बहलीम का रहने वाला है। जहीरुद्दीन अनपढ़ होने के बाद भी हथियार बनाने में महारत हासिल है। हथियार बनाने और सप्लाई करने से पहले वह बिहार, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, झारखंड, दिल्ली और हरियाणा समेत कई राज्यों में फेरी लगाकर कपड़े बेचता था। बिहार के मुंगेर में सादुल्ला से दोस्ती के बाद कपड़े में छिपाकर हथियारों की तस्करी शुरू कर दी थी। उसके बाद मेरठ और मुरादाबाद में मुंगेर की तर्ज पर हथियार बनाने शुरू कर दिए थे। उसके बाद हथियारों की सप्लाई वेस्ट यूपी के अलावा, दिल्ली, हरियाणा, उड़ीसा, छत्तीसगढ़ और झारखंड तक हथियारों की सप्लाई करता था। पुलिस पड़ताल कर रही है कि जहीरुददीन ने वेस्ट यूपी के किस–किस बदमाश को हथियार मुहैया कराए है।अभी तक जांच में आया कि वेस्ट यूपी के कई बड़े गैंग से जहीरुददीन के संबंध होने बताए जा रहे है। सीओ अरविंद चौरसिया का कहना है कि जहीरुददीन को जेल से जमानत पर आने के बाद हरियाणा पुलिस पकड़कर ले गई है। वहां के किसी मुकदमे में वांछित चल रहा था। जनपद के सभी थानों से जहीरुददीन का रिकार्ड खंगाला जा रहा है।जहीरुददीन बिहार के मुंगेर की तर्ज पर पिस्टल और तमंचा बनाता है। उसकी पिस्टल आर्डर पर तैयार होती है। पुलिस के माने तो जहीरुददीन के ग्राहक नियमित है, जो हमेशा उससे ही हथियार खरीदारी करते है। कुछ ग्राहक तो जेल से लौटने का भी इंतजार करते है।

# सोच समझ कर दें अपना मकान किराए पर, वरना बढ़ सकती है परेशानी

**राकेश पाण्डेय निश्छल**

लखनऊ। लोग इंवेस्टमेंस करने के उद्देश्य से मकान खरीद लेते हैं और फिर मुनाफा कमाने के लिए मकान दे देते हैं किराए पर। पर क्या आप जानते हैं कि घ्कभींकभी मुनाफा कमाने के चक्कर में लोग घाटा भी उठा लेते हैं। क्योंकि कुछ लोग फर्जी तरीके से मकान पर कब्जा कर लेते हैं। तो चलिए आज हम आपको बताने जा रहे हैं ५ ऐसी खास बातें। जिन्हें ध्यान में रखकर ही आपको अपना मकान किराए पर देना चाहिए।

**...घर किराए पर देते वक्त ध्यान रखें ये बातें....**

कई लोग तो एक से अधिक घर खरीदते हैं, ताकि किराए से उन्हें अतिरिक्त इनकम हो सके और उनके पास अतिरिक्त प्रॉपर्टी भी




हो जाए। घर को किराए पर देते वक्त कुछ बातें ध्यान रखी जरूरी हैं, वरना दिक्कत हो सकती है। आइए जानते हैं ऐसी ही ५ बातें।

**... ....जान पहचान को ही दें अपना मकान....**

अगर आप भी अपना घर किराए पर देने की सोच रहे हैं तो आपको सबसे पहले ये सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि आप जिसे मकान किराए पर देने जा रहे हैं वह जानेंपहचान का हो। आप किसी अनजान को घर देने से बचें। कोशिश करें कि अपने किसी पहचान वाले या ऐसे लोगों को घर दें, जिसके किसी पहचान वालो को आप जानते हों।

**.....किराए पर देने से पहले जांच लें जरूरी दस्तावेज...**

जब किसी को घर किराए पर दें तो सबसे पहले उसके पैन और आधार की जांच जरूर कर लें। अगर संभव हो तो अ फिस आईडी भी देख लें।

**....एग्रीमेंट करना न भूलें...**

घर किराए पर देने से पहले एग्रीमेंट जरूर कर लें। जिसमें किराएदार का नाम, पता, पिता का नाम, किराया आदि की जानकारी हो। ध्यान रहे अगर घर में कोई फर्नीचर है तो उसे भी एग्रीमेंट में जरूर मेंशन करें। घ्इस पर किराएदार के साइन जरूर हों।

**..पुलिस वेरिफिकेशन जरूर कराएं..**

कई बार ऐसा होता है कि कई अपराधी फर्जी आई बनवाकर किराए के मकान में रहकर जुर्म को अंजाम देते हैं। ऐसे में जरूरी है कि आप मकान किराए पर देने के पहले पुलिस वेरिफिकेशन जरूर करा लें।

**.....लेते रहें अपडेट..**

.अगर आप कहीं दूर रहते हैं तो अपनी सोसाइटी के लोगों से अपने घर के बारे में सभी अपडेट लेते रहें।

# कारागार विभाग भी लगायेगा विश्व पर्यावरण दिवस पर ५ लाख पौधे

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के कारागार एवं होमगार्ड राज्य मंत्री, (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मवीर प्रजापति ने कारागार मुख्यालय लखनऊ में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से



कारागार विभाग के अधिकारियों को भी ०५ जून को पर्यावरण दिवस के अवसर पर पांच लाख पौधे लगाने का लक्ष्य दिया। उन्होंने कहा कि यदि पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तभी हमारी पीढियां भी सुरक्षित रहेंगी। श्री प्रजापति ने कहा कि आपलोग वृक्षारोपण करें एवं इसके लिए और लोगों को भी प्रेरित करें।उन्होंने सभी जिला कारागारों और केंद्रीय कारागारों में तैनात जेलर व अधीक्षक सहित समस्त अधिकारियोंको निर्देश दिया पौधरोपण का अभियान चलाये। श्री धर्मवीर प्रजापति ने कहा हम सभी को वृक्षारोपण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बृक्षारोपण कील सरकार का ही नहीं,हम सभी का कर्तव्य है। पेड़ पौधे हमें अ क्सीजन देते हैं इसका महत्व हमें कोरोना काल में बेहतर तरीके से समझ आया जब लोग ऑक्सीजन के लिए इधर–उधर भटक रहे थे। श्री प्रजापति ने आवाहन किया कि हम सभी सात दिन में से एक दिन साफ–सफाई के लिये भी निकालें।

# कानपुर मे भड़की हिंसा दो समुदायो के बीच जमकर चले ईट पत्थर

कानपुर। कोतवाली के अंतर्गत यतीम खाने चौराहे पर बाजार बंदी को लेकर दो पक्षो बीच जमकर ईट पत्थर चले पूरी सड़क बनी रणक्षेत्र कई राऊंड फायरिंग हुईं, पेट्रोल बमो के चलने की खबर है, पैगम्बर मोहम्मद को लेकर दिए गए कथित बयान को लेकर कुछ मुस्लिम तंजीमो ने बंदी का एलान किया गया इसके तहत कहीं पूर्ण तो कहीं आंशिक बंदी देखी गई,नवाज अदा करने के बाद मुस्लिम समुदाय के लोग बड़ी संख्या मे सड़को पर उतरे, प्रदर्शन की अनुमति न होने के बावजूद निकाला जुलूस प्रधानमंत्री व राष्ट्रपति के शहर आगमन के कारण सुरक्षा व्यवस्था को ताक पर रखकर अराजकतत्वों द्वारा शहर का माहौल खराब करने की कोशिश की गयी अचानक घनी आबादी के बीच इतनी संख्या मे ईट पत्थरों का जमा होना किसी साजिस का हिस्सा हो सकता है पुलिस को



मोर्चा सम्हालना पड़ा पुलिस कमिश्नर के अनुसार स्थिति काबू मे है भारी सख्या मे फोर्स बल तैनात किया गया है सुरक्षा व्यवस्था पर कोई ढील नहीं दी जायगी, किसी भी अराजकतत्वों को बक्सा नहीं जायगा, लगभग सात लोग घायल हुए घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, माहौल बिगाड़ने मे व हिंसाकरने के कारण लगभग २० लोगों को हिरासत मे लिया गया।

# टप्पेबा पुलिस अधिकारी बन कारोबारी की मां के ले गए जेवर

कानपुर। नजीराबाद में टप्पेबाजों ने पुलिस अधिकारी बनकर कारोबारी की मां के जेवर उतरवा लिए। बैग में रखने के बहाने शातिर जेवर लेकर भाग निकले। मामले की जानकारी होने पर पीड़िता ने बेटे और पुलिस को मामले की जानकारी दी। पुलिस ने सीसी फुटेज खंगाले तो शातिर उसमें कैद हुए हैं। पुलिस फुटेज के आधार पर टप्पेबाजों की तलाश कर रही है।गीता नगर निवासी लोहा कारोबारी सचिन शर्मा की मां मिथिलेश शर्मा बुधवार को स्वास्थ्य ठीक न होने से डाक्टर को दिखाने के लिए नजीराबाद कैब से गई थीं। वहीं के एक मेडिकल स्टोर से दवा ले रही थीं। तभी एक ३५ वर्षीय युवक ने इशारा करते हुए बोला कि बड़े साहब ने बुलाया है। मिथिलेश वहां पहुंची तो करीब ४२ वर्षीय युवक ने खुद को पुलिस अधिकारी चेकिंग होने और जेवर उतारने को कहा। उन्होंने अपने कंगन और सोने की चेन उतारकर कागज की पोटली बनाई। आरोपित ने जेवर की पोटली लेकर बैग में डाल दी।घर पहुंची तो बैग में सिर्फ कागज निकला, जेवर गायब थे। उन्होंने बेटे और पुलिस को सूचना दी। एसीपी नजीराबाद संतोष कुमार सिंह घटनास्थल पहुंचे और सीसी फुटेज निकलवाए। जिसमें दोनों टप्पेबाज कैद हुए हैं। थाना प्रभारी हर प्रसाद अहिरवार ने बताया कि फुटेज के आधार पर टप्पेबाजों की तलाश की जा रही है।शातिर टप्पेबाजों ने बिना नंबर की हाई स्पीड बाइक का इस्तेमाल किया है। फुटेज में बाइक पर नंबर प्लेट न लगी होने की बात सामने आयी है। वहीं दोनों टप्पेबाजों ने न तो मास्क लगाया था और न ही हेलमेट पहना था।

# आगरा–लखनऊ एक्सप्रेस वे पर पलटी स्स्लीपर कोच, यात्री घायल

आगरा। आजमगढ़ से यात्रियों को लेकर दिल्ली जा रही स्लीपर कोच बस रविवार सुबह आगरा–लखनऊ एक्सप्रेस वे पर डिवाइडर से टकराकर पलट गई।




हादसे में नौ यात्री घायल हो गए। हादसा फिरोजाबाद जनपद में घटित हुआ।यूपीडा टीम और नसीरपुर थाने की पुलिस ने घायलों को सैफई पीजीआइ में भर्ती कराया। हादसा सुबह ४.४५ बजे हुआ। आजमगढ़ से दिल्ली ४० यात्रियों को लेकर जा रही बस नसीरपुर क्षेत्र में एक्सप्रेस वे के ५५ किलोमीटर पर पहुंची थी कि चालक को झपकी लगने से अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा कर पलट गई। हादसा होते ही यात्रियों में चीख–पुकार मच गई।थाना नसीरपुर प्रभारी गगन गौड़ व यूपीडा टीम घटनास्थल पर पहुंची और बस में फंसे यात्रियों को निकाला। एंबुलेंसों से सभी घायल सैफई पीजीआइ में भर्ती कराए गए। पुलिस बस को क्रेन की मदद से थाने लेकर आई। थाना प्रभारी ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है। सवारियों को दूसरे वाहनों से उनके गंतव्य स्थान भिजवाया गया।हादसे में आदित्यवर्धन निवासी–सेक्टर १६ फरीदाबाद, शेख फरीद आजमगढ़, सूर्यांश गाजियाबाद, गायत्री राय, महिमा यादव, श्रीकांत यादव और उनकी पत्नी रेनू यादव निवासीगण आजमगढ़ घायल हुए है। बस चालक और परिचालक के भी चोटें आई हैं।

# वाइन शाप के सेल्समैन पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपित को पुलिस ने दबोचा

मेरठ। वाइन शाप के सेल्समैन व उसके साथी पर जानलेवा हमला करने वाले एक आरोपित को पुलिस ने दबोच लिया। जबकि उसके दो साथी मौके से फरार हो गए। जिनकी तलाश में आसपास के क्षेत्र में चेकिंग भी की गई। लेकिन उनका कुछ पता नहीं चला। पुलिस पकड़े गए आरोपित से पूछताछ कर रही है।सिविल लाइन थाने के दारोगा कुमार पवन चौधरी के मुताबिक शास्त्री नगर निवासी योगेन्द्र कुमार उर्फ नवीन चौहान वाइन शाप के सेल्समैन है। बीती १६ मई को योगेंद्र अपने साथी के साथ भावनपुर स्थित शराब की दुकान पर माल देने गए थे। तभी वापस लौटते समय मुंडाली थाना क्षेत्र के ग्राम रछौती निवासी तुषार पुत्र भागमल ने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर योगेंद्र पर हमला कर दिया था। जिस वजह से योगेंद्र लहूलुहान हो गए थे। उनकी हालत देखकर राहगीरों ने यादगार पुलिस चौकी पर तैनात पुलिसकर्मियों को घटना की जानकारी दी। पुलिस को आता देख आरोपित फरार हो गए थे। रविवार सुबह दारोगा कुमार पवन चौधरी ने मुंडाली क्षेत्र में दबिश देकर तुषार को दबोच लिया। जबकि फरार हमलावरों की तलाश में दबिश दी जा रही है। जल्द ही उन्हें भी पकड़ लिया जाएगा।

# यह संभव नहीं है कि एक इंसान इतनी सुंदर कल्पना कर सके, यह ईश्वरीय कृपा : राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद

गोरखपुर। राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द शनिवार को गीताप्रेस के लीला चित्र मंदिर में देवी–देवताओं का दर्शन कर अभिभूत हुए। उन्होंने चित्रों को देखकर कहा कि यह संभव नहीं है कि एक इंसान इतनी सुंदर कल्पना कर सके। निश्चित



तौर पर उसके ऊपर प्रभु की कृपा रही होगी। ऐसा ही विचार उन्होंने दूरबीन से पढ़ी जाने वाली लगभग छह इंच डायामीटर की गीता को देखकर भी व्यक्त किया। उनके साथ उनकी पत्नी सविता कोविन्द, बेटी स्वाती कोविन्द, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी थे। हाथ से और फूल–पत्तियों के रंग से बनाए गए श्रीकृष्ण लीला, श्रीराम लीला, दस महाविद्या समेत देवी–देवताओं के चित्रों, दीवारों पर लिखी गई संपूर्ण गीता व संतों के दोहे–चौपाई तथा गीताप्रेस की पहली छपाई मशीन देखकर उनके चेहरे पर प्रसन्नता झलकने लगी। उन्होंने कहा कि 'इस समय यह कार्य संभव नहीं है।' लगभग छह इंच डायामीटर की हस्तलिखित गीता देखकर उन्होंने आश्चर्य व्यक्त किया। इस पुस्तक को पढ़ने के लिए वहां एक विशेष प्रकार का ग्लास रखा गया है। उन्होंने पूछा कि इसे किसने लिखा है। लिखने वाले की जानकारी न मिलने पर मुस्कराते हुए उन्होंने कहा, 'मैं मान लेता हूं कि जिसने गीता कही, उन्होंने ही लिखवाई होगी। कोविन्द लीला चित्र मंदिर पहुंचने वाले दूसरे राष्ट्रपति हैं। २६ अप्रैल १९५५ में इसका उद्घाटन करने देश के प्रथम राष्ट्रपति डा. राजेंद्र प्रसाद आए थे। तब उनके साथ गोरक्षपीठाधीश्वर के रूप में अगवानी करने के लिए महंत दिग्विजयनाथ महाराज उपस्थित थे। राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द की आगवानी के लिए गोरक्षपीठाधीश्वर व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद थे। गीताप्रेस के शताब्दी वर्ष शुभारंभ अवसर पर राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के समक्ष मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दो ग्रंथों का विमोचन किया।

इसमें आर्ट पेपर पर पहली बार प्रकाशित श्रीरामचरितमानस व गीताप्रेस के संस्थापक सेठजी जयदयाल गोयंदका द्वारा गीता पर लिखी टीका श्तत्व विवेचनीश शामिल थी। मुख्यमंत्री ने दोनों ग्रंथों की प्रथम प्रति राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द को भेंट की।लीला चित्र मंदिर में ट्रस्टियों व गण्यमान्य लोगों ने राष्ट्रपति के साथ फोटो खिंचवाकर इस पल को यादगार बनाया। मंदिर दर्शन के दौरान उनके साथ गीताप्रेस के महासचिव विष्णु प्रसाद चांदगोठिया, ट्रस्टी बैजनाथ अग्रवाल, देवीदयाल अग्रवाल, ईश्वर प्रसाद पटवारी व प्रबंधक लालमणि तिवारी आदि उपस्थित रहे।कार्यक्रम में दो बार राष्ट्रगान की धुन बजाई गई। रेलवे सुरक्षा बल की टीम ने पहली बार राष्ट्रपति के आगमन पर धुन बजाई और दूसरी बार उनका संबोधन समाप्त होने पर। टीम का नेतृत्व सब इंस्पेक्टर पूर्णमासी प्रसाद कर रहे थे। टीम में संत बहादुर क्षेत्री, कुल बहादुर गुरुंग, राज गौतम, मो. ताहिर व`ष्णा गुरुंग समेत १६ लोग शामिल थे।कार्यक्रम में आने वाले हर व्यक्ति को जाते समय पांच पुस्तकें प्रदान की गईं। इनमें कल्याण का बोधकथा अंक, गीता प्रबोधनी, हनुमान चालीसा, अमृत बिंदु व शिक्षाप्रद ग्यारह कहानियां शामिल हैं। इन सभी की कीमत ३४५ रुपये है। चार सौ लोगों को पुस्तकें बांटी गईं। इस तरह १.३८ लाख रुपये की पुस्तकों का निश्शुल्क वितरण किया गया।

# पैगंबर साहब पर टिप्पणी से बीजेपी खफा, प्रवक्ता नूपुर शर्मा, नवीन जिंदल पर कड़ी कार्रवाई


नई दिल्ली. भारतीय जनता पार्टी ने अपनी प्रवक्ता नूपुर शर्मा को पार्टी से निलंबित कर दिया है. साथ ही दिल्ली बीजेपी के प्रवक्ता नवीन जिंदल को भी बाहर का रास्ता दिखाया गया है. नूपुर ने पैगंबर मोहम्मद साहब पर विवादित बयान दिया था. इसके बाद पार्टी ने उन पर कार्रवाई की है. भाजपा ने कहा कि हम सभी धर्मों और उनके पूज्यों का सम्मान करते हैं. भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने एक पत्र जारी कर कहा भाजपा सभी धर्मों का सम्मान करने वाली पार्टी है। बीजेपी ने नुपूर शर्मा के अलावा दिल्ली प्रदेश प्रवक्ता नवीन जिंदल पर भी कार्रवाई की है. जिंदल को भी पार्टी से सस्पेंड कर दिया गया है. नुपूर के बयान का समर्थन करते हुए जिंदल ने ट्वीट किया था. भाजपा की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि आजादी के ७५वें साल में एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना लगातार मजबूत हो रही है. हमारी पहली प्राथमिकता अखंड भारत और विकास है. देश की एकता बनी रहे, इसलिए हम लगातार काम कर रहे हैं. पार्टी की ओर से जारी बयान में आगे कहा गया है कि भारत के हजारों वर्षों के इतिहास में प्रत्येक धर्म फला–फूला है. भाजपा किसी भी धर्म के किसी भी धार्मिक व्यक्ति के अपमान की कड़ी निंदा करती है. पार्टी उस विचारधारा के सख्त खिलाफ है, जो किसी भी संप्रदाय



या धर्म का अपमान करती है. बीजेपी ऐसे किसी विचारधारा का प्रचार नहीं करती। एक न्यूज डिबेट में भाजपा प्रवक्ता नुपूर शर्मा ने इस्लाम के पैगंबर मोहम्मद साहब पर कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, जिसका मुस्लिम समुदाय लगातार विरोध कर रहा है. पिछले दिनों शर्मा ने बयान जारी कर कहा कि उनके बयान को तोड़–मरोड़ कर पेश किया गया. शर्मा पर महाराष्ट्र समेत कई राज्यों में मुकदमा भी दर्ज किया गया है।

# चोरो के कब्जे से चोरी की तीन किलो चाँदी, २० ग्राम सोना बरामद

लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में तकरीबन एक पखवारे पहले ज्वैलर्स की दुकान का शटर तोड़कर चोरी करने वाला गिरोह शनिवार को पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस ने पकड़े गये इन शातिर चोरो के कब्जे से चोरी किये गये सोने व चांदी के जेवरात के साथ ही अवैध तमंचे व कारतूस भी बरामद करने होने की सूचना मिली। आनन–फानन पुलिस मौके पर पहुंची तो चोर भागने लगे। लेकिन पुलिस ने उन्हें दौड़ाकर पकड़ लिया। पूछंताछ के दौरान पकड़े गये इन चोरो ने अपने को राजधानी के चिनहट थाना क्षेत्र के नेवादा निवासी आसिफ उर्फ राजा, तालकटोरा थाना क्षेत्र के राजाजीपुरम में रहने वाला



का दावा किया है। पूछंताछ के दौरान चोरी की घटना को अंजाम दिये जाना कबूल करने पर पुलिस ने पकड़े गये इन चोरो के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेज दिया। सरोजनीनगर के प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार आर्या ने बताया कि बीती २३ मई की रात चोरो ने थाना क्षेत्र के गंगानगर स्थित प्रतीक ज्वैलर्स की दुकान का शटर तोडकर लाखों के जेवरात व नकदी चोरी कर ले गये थे। स्थानीय पुलिस व सर्विलांस टीम इन चोरो को दबोचने के लिए लगातार दबिश दे रही थी। इसी दौरान बीतीरात तकरीबन साढ़े तीन बजे मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने थाना क्षेत्र के दरोगाखेड़ा स्थित काशीराम कालोनी के पीछे खाली पड़े प्लाट में चोरो के मौजूद शहबाज खान, यहीं के हैदर कैनाल रोड निवासी दीपक गुप्ता, कंचनपुर–मटियारी निवासी शादाब उर्फ़ अज्जू च बहराइच जनपद के रमुआपुर थाना क्षेत्र निवासी राकेश सोनी बताया। निरीक्षक संतोष कुमार आर्या के मुताबिक पकड़े गई इन चोरो से कड़ाई के साथ पूछंताछ की गई तो इन्होने बीती २३ मई को गंगानगर स्थित प्रतीक ज्वैलर्स की दुकान का शटर तोड़कर चोरी करना कबूल किया। पुलिस के मुताबिक इन चोरो के कब्जे से तीन किलो चांदी व २० ग्राम सोने के जेवरात, ३१५ बोर के तीन अवैध तमंचे, एक जिन्दा कारतूस एवं एक कारतूस का खोखा तथा चोरी के दौरान उपयोग किये गये सब्बल, एक हथौड़ी व एक छेनी भी बरामद की गई।


# महात्मा गांधी इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी में वृक्षारोपण का आयोजन

लखनऊ। बंथरा इलाके के महात्मा गांधी इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी जुनाबगंज और महात्मा गांधी




आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज खसरवारा में शनिवार को वृहद वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। दोनों संस्थानों के शिक्षकों और छात्रों द्वारा किया गया यह वृक्षारोपण संस्थान के निदेशक डॉ. जीशान हुसैन और प्रिंसिपल डॉ. मीना यादव के निर्देशन में हुआ। इस मौके पर प्रिंसिपल डॉ. मीना यादव ने वृक्षारोपण के महत्व और दैनिक उपयोग में होने वाली आयुर्वेदिक औषधियों के बारे में संस्था में अध्ययनरत छात्रों को फार्मेसी के क्षेत्र में स्कोप एंड इंर्पोटेंस आफ प्लांट्स इन फार्मेसी विषय पर विस्तृत जानकारियां दी। इस दौरान स्लोगन राइटिंग और निबंधा प्रतियोगिता भी आयोजित हुई। संस्थान के शिक्षकों में डॉ. रजीउद्दीन खान, मुकेश तिवारी, आनंद कुमार श्रीवास्तव, विकास कुमार चौधरी, जितेंद्र प्रताप सिंह, ऋषभ मौर्य, मो. यूसुफ, सना फारुकी व शफकीन सिद्दीकी ने भी वृक्षारोपण में हिस्सा लिया। अंत में प्रबंधक असगर अब्बास नकवी ने निदेशक डॉ. जीशान हुसैन, प्रिंसिपल डॉ. मीना यादव और सभी अध्यापकों व छात्र – छात्राओं को उनके प्रयास के लिए बधाई दी।

# खुजौली में घंटो होता रहा बवाल चौकी पर लटका रहा ताला



लखनऊ। मोहनलालगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत खुजौली चौकी पर शुक्रवार देर शाम को दो युवकों ने जमकर बवाल काटा और आपस मे लड़ते रहे। दोनों युवक शराब के नशे में थे। घंटो तक दोनों ने पुलिस चौकी पर बवाल काटा, लेकिन चौकी प्रभारी समेत सभी पुलिसकर्मी नदारद रहे। इस दौरान पुलिस चौकी पर ताला लटकता रहा। घंटो इंतजार के बाद भी जब पुलिस मौके पर नहीं पहुँची, तो स्थानीय लोगों ने किसी तरह दोनों युवकों को समझा–बुझाकर कर मामला शांत कराया इंस्पेक्टर ने बताया कि ग्रांउड ब्रेकिंग सेरेमनी में पुलिस की ड्यूटी लगी थी इसी लिए चौकी बंद थी। पुलिस दोनो आरोपियों की तलाश में जुटी है।

# यूपी में विकास और निवेश की झूठी कहानी गढ़ी जा रही : अखिलेश यादव

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को कहा कि उत्तर प्रदेश में विकास और निवेश की झूठी कहानी गढ़ी जा रही है। पार्टी मुख्यालय में विधानसभा चुनाव में सपा प्रत्याशियों, प्रकोष्ठों के राष्ट्रीय एवं प्रदेश अध्यक्षों तथा कुछ प्रमुख जिलाध्यक्षों की बैठक को सम्बोधित करते हुये सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि नौजवानों और किसानों के साथ धोखा किया गया है। इसके साथ ही अखिलेश ने कहा कि सूबे में कानून व्यवस्था का कहीं अता पता नहीं हैं। राज्य की भोली–भाली जनता को झूठे किस्से–कहानी सुनाकर गुमराह किया जा रहा है। भाजपा का यह पुराना एजेण्डा है। सपा कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वे भाजपा के दुष्प्रचार का हर स्तर पर मजबूती से पर्दाफाश करें। उन्होंने कहा कि भाजपा को संविधान की प्रस्तावना में उल्लिखित समाजवाद, लोकतंत्र तथा पंथनिरपेक्षता पर विश्वास नहीं है। भाजपा संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने का काम कर रही है। गांव–गरीब उसकी प्राथमिकता में नहीं है। भाजपा समाज में नफरत और तनाव फैला कर राज कर रही है। भाजपा की इस राजनीति से सभी को सावधान रहना है। सपा संविधान और सामाजिक सौहार्द के लिए प्रतिबद्ध है। जनता



से भी अपील है कि वह शांति व्यवस्था बनाएं रखे और माहौल बिगाड़ने वालों के इरादों को सफल न होने दे। अखिलेश यादव ने कहा कि २०२२ के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी का वोट प्रतिशत बढ़ा है। इस चुनाव में सभी प्रत्याशी मजबूती से लड़े। चुनाव में हार–जीत होती रहती है। कई प्रत्याशी बहुत कम अन्तर से हारे हैं। प्रशासन का दुरुपयोग करके कई विधानसभा क्षेत्रों के चुनाव परिणामों को प्रभावित किया गया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव आयोग की भूमिका निष्पक्ष नहीं रही। उसने चुनाव के दौरान पार्टी की शिकायतों का समुचित संज्ञान नहीं लिया। चुनावों में मतदाता सूची में भी काफी गड़बड़ियां पाई गईं। तमाम मतदाताओं के नाम गायब थे। कई बूथों पर पीठासीन अधिकारियों की भूमिका भी संदिग्ध रही। आरएसएस ने भी अफवाहें फैलाने और दुष्प्रचार करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। अखिलेश ने कहा कि विधानसभा चुनाव में जो कमियां दिखी उनसे सबक लेना चाहिए। आगे से मतदान के प्रति जागरूकता फैलाते हुए मतदान प्रतिशत बढ़ाने का प्रयास होना चाहिए। उन्होंने अभी से २०२४ में लोकसभा चुनाव और २०२७ में होने वाले विधानसभा चुनावों की तैयारियां करने, संगठन को मजबूती देने तथा बूथ स्तर पर चिह्नित करके वोट बढ़ाने पर विशेष बल दिया।

# जिला सूचना केन्द्र–बाराबंकी के प्रांगण में पर्यावरण संरक्षण अभियान का हुआ भव्य शुभारंभ

लखनऊ/बाराबंकी। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला सूचना केन्द्र–बाराबंकी के प्रांगण में वृहद वृक्षारोपण करके तेजसी सेवा न्यास व रंगलोक सांस्ेंतिक एवं सामाजिक संस्थान, लखनऊ द्वारा पर्यावरण संरक्षण अभियान का भव्य शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि उपनिदेशक सूचना श्रीमती कुमकुम शर्मा ने प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश जी के चित्र पर माल्यार्पण करके कार्यक्रम की शुरुआत की। कुमकुम शर्मा जी ने कहा कि दोनों संस्थाओं द्वारा पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत वृक्षारोपण अभियान की यह शुरुआत स्वागत योग्य है। ५ जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाने का मूल उद्देश्य लोगों को पर्यावरण और प्रकृति के प्रति जागरुक करना है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण के बिना हमारे जीवन की कल्पना ही नहीं की जा सकती है। ऐसे में पर्यावरण के प्रति हम सभी को सजग व समर्पित होने की जरुरत है। जैसे हम सांसारिक वस्तुओं को धारण करने में गर्व महसूस करते हैं, वैसे ही हमें वृक्षों के लिए गर्व होना चाहिए। वृक्ष हैं तो जीवन है। प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर रखना ही धरती पर प्रलयंकारी स्थिति से बचने का एक मात्र उपाय है न्यास की अध्यक्ष/ट्रस्टी श्रीमती श्रुति गुप्ता ने कहा कि लोक संस्ेंति, लोक सेवा एवं लोकहित के उद्देश्यों के तहत कार्य कर रही इस संस्था द्वारा वर्तमान में प्रोंतिक चिकित्सा एवं आयुर्वेद के प्रति लोगों को जागरुक करने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। आयुर्वेद और प्रकृति का एक दूसरे से गहरा संबंध है। इसी क्रम में आज विश्व



पर्यावरण दिवस के अवसर पर संस्था द्वारा पर्यावरण संरक्षण अभियान की शुरुआत की जा रही है। वरिष्ठ जादूगर एवं न्यास के उपाध्यक्ष एम. आई.रिजवी ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी ५ जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जा रहा है। जिसकी शुरुआत का उद्देश्य हमारे वातावरण को स्वच्छ व शुद्ध रखना है। कार्यक्रम में मशहूर जादूगर विश्वनाथ चौरसिया ने अपने जादू कला के माध्यम से लोगों का मनोरंजन किया और पर्यावरण के प्रति जागरुक किया। इसी क्रम में आल्हा गायक रघुनाथ टेलर, जितेन्द्र कुमार यादव, विजय सिंह व मुन्ना अलबेला आदि ने लोक गीत के माध्यम से पर्यावरण के प्रति आम जनमानस को सजग किया। इसी क्रम में श्रीमती कुमकुम शर्मा व मो०सलीम ने विविध विधाओं से जुड़े कलाकारों तथा जिला सूचना कार्यालय के कर्मचारी अम्बिका प्रसाद, हितेन्द्र कुमार, जकिया सुल्ताना, ऊषा यादव, विजय, रामसमुझ, लकी यादव, को प्रमाण–पत्र देकर 'पर्यावरण प्रेमी' सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रंगलोक संस्था के अध्यक्ष अमरेन्द्र सहाय ने किया। श्री सहाय ने कहा कि दुनिया में लगातार प्रदूषण बढ़ रहा है। इसी बढ़ते प्रदूषण के कारण प्रकृति पर खतरा बढ़ रहा है। जिसे रोकने के उद्देश्य से पर्यावरण संरक्षण अभियान की शुरुआत की गई है, ताकि लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया जाए और प्रेंति को प्रदूषित होने से बचाने के लिए प्रेरित किया जा सके। रंगलोक संस्था के सचिव श्री जितेन कुमार उर्फ (जीत राजपूत) ने कहा की मात्र वृक्ष लगाने से ही पर्यावरण तो हम सुरक्षित नहीं कर सकते हैं इसके लिए हमें संकल्पित होना पड़ेगा और वृक्षों की देखभाल भी करनी पड़ेगी पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए हमें ठोस कदम उठाने पड़ेंगे हमें अपनी जीवनशैली में परिवर्तन लाना होगा पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली प्रत्येक वस्तु का बहिष्कार करना होगा , हजारों वर्षों से हमारा देश कृषि प्रधान देश रहा है, परंतु हमारी कुछ नासमझी के कारण आज विदेशी हमें बताते हैं कि खेती कैसे करनी है आधुनिक होना बुरी बात नहीं है परंतु अपने संस्कारों को भूलना बुरी नहीं बहुत बुरी बात है हमारी सनातन संस्कृति में पर्यावरण सर्वोपरि है जिस प्रकार हम कहते हैं कि हमारा शरीर पंच तत्वों से मिलकर बना है पृथ्वी, जल ,आकाश, अग्नि, वायु यह भी पर्यावरण का ही अंग है हम धरती माता से लेकर पशु पक्षी पेड़ पौधे जल वायु अग्नि सूर्य सभी की आराधना करते हैं , परंतु आज के आधुनिक दौर में हम अपने संस्कारों को भूल कर पर्यावरण से दूर होते जा रहे हैं तथा आधुनिक और भौतिक वस्तुओं का उपयोग ही सर्वोत्तम मानते हैं ,हमें अपने संस्कारों को वापस याद करना है तथा अपने राष्ट्र को उत्तम राष्ट्र बनाना है और यह तभी हो सकेगा जब हम हर कदम पर अपने पर्यावरण को बचाने का ढ़ संकल्प लेंगे। कार्यक्रम में रंगलोग के सक्रिय सदस्य अंकेश कश्यप, अभिषेक शुक्ला सहित तमाम लोग उपस्थित रहे। डॉ. नेचर वेलनेस के हेल्थ कोच जितेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि न्यास के द्वारा संचालित 'आयुर्वेद का जादू' के तहत प्राकृतिक चिकित्सा एवं आयुर्वेद से उपचार का कार्य अनोखा है। डॉ. नेचर वेलनेस द्वारा उत्तम स्वास्थ्य के लिए अनेकों तरह की दवाइयां एवं वेलनेस उत्पादों के निर्माण व विपणन का कार्य हो रहा है, और इस कार्य में तेजसी सेवा न्यास की भूमिका काफी सराहनीय है। डॉ. नेचर वेलनेस के स्वास्थ्य सलाहकार सूरज कुमार जायसवाल द्वारा आयुर्वेदिक दवाओं एवं वेलनेस उत्पादों का वृहद स्टॉल लगाया गया, जिसमें लोगों को निःशुल्क परामर्श एवं सलाह दी गयी। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक शुक्ल ने बहुत ही खूबसूरती एवं निपुणता के साथ किया।

# अद्भुत प्रथा : पुत्री की पिता से शादी की प्रथा

**अमरेन्द्र सहाय अमर**

कहते है की पिता और पुत्री का रिश्ता काफी पवित्र होता है। पिता हमेशा अपनी बेटी की हिफाजत करता है. कोई पुत्र पिता की देखभाल करे न करे लेकिन पुत्री हमेशा अपने पिता की देखभाल करती है . अपने ससुराल में रहते हुए बही अपने पिटा के प्रति चिंतित रहती है .लेकिन अगर आपसे हम कहें कि दुनिया में एक ऐसी जगह है जहां बेटियों की शादी उसके पिता से ही करवा दी जाती है तो? शायद आपको यकीन ना हो, लेकिन ये बात बिल्कुल सच है. समाज में अक्सर हमें अजीबोगरीब और अद्भुत प्रथाएं देखने को मिलती है. जिन्हें देखकर हमें हैरानी भी होती है और कभी–कभी हंसी भी आती है. ऐसी ही एक प्रथा के बारे में आज हम आपको बताने जा रहे हैं.. इसके बारे में जान सुनकर आपको हैरानी तो होगी ही साथ में आप यह सोचने




के लिए भी विवश हो जाएंगे कि समाज में ऐसा कैसे हो सकता है. बांग्लादेश के मंडी जन जाति में यह अजीबोगरीब परंपरा प्रचलित है. इस घिनौने प्रथा की शिकार हुई एक महिला ने अपना दर्द लोगों के साथ साझा किया था. यहां रहने वाली ३० वर्ष की ओरोला के पिता की मृत्यु तब हो गयी थी जब वह बहुत ही छोटी थी. ओरोला इतनी छोटी थी कि उनकी मां ने दूसरी शादी कर ली.ओरोला ने बताया कि उनके दूसरी पिता का नाम न टेन था. न टेन को वह बहुत पसंद करती थी और यही सोचती थी कि उसकी मां कितनी किस्मत वाली है जिसे न टेन जैसा पति मिला. लेकिन जब ओरोला बड़ी हुई तब उसे पता चला कि उसके दूसरे पिता ही उसके पति हैं, ये सुनते ही ओरोला के कदमों तले जमीन खिसक गई। उसने पिता की तरह जिस आदमी को देखा, बाद में पता चला कि तीन साल की उम्र में ही उसकी शादी पिता से करवा दी गई थी.. यह एक ऐसी प्रथा है जहां कम उम्र में विधवा हुई लड़कियों की शादी दूसरे व्यक्ति से करवा दी जाती है और जब वह महिला किसी बेटी को जन्म देती है तो उसकी शादी भी उसी व्यक्ति से करवाई जाती है. माना जाता है कि कम–उम्रका पति नई पत्नी और उसकी बेटी का भी पति बनकर दोनों की सुरक्षा लंबे वक्त तक कर सकता है. ये बड़ी ही अजीब प्रथा होती है .ताज्जुब की बात तो ये है कि आज भी यह कुप्रथा मंडी में प्रचलित है।

# कानपुर उपद्रव मामले में अबतक २२ की गिरफ्तारी

लखनऊ/कानपुर। नई सड़क और दादा मियां का हाता में उपद्रव करने वाले उपद्रवियों की पहचान करके उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए)



और गैंगस्टर जैसी कार्रवाई के तहत संपत्ति भी जब्त की जाएगी। थाना बेकनगंज में तीन मुकदमे दर्ज हुए हैं, जिसमें ३६ लोगों को नामजद किया गया है। पुलिस की ओर से दर्ज दो मुकदमों में ४५० जबकि घायल की तहरीर पर हजारों अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस ने २२ आरोपितों को अब तक गिरफ्तार किया है। पुलिस आयुक्त विजय सिंह मीना ने शुक्रवार को बताया कि पहला मुकदमा थाना प्रभारी बेकनगंज नवाब अहमद ने दर्ज कराया, जिसमें ३४ नामजद किए हैं। दूसरा मुकदमा दारोगा आरिफ रजा ने कराया, जिसमें १६ नामजद और ४५० अज्ञातइआरोपित बनाए गए हैं। तीसरा मुकदमा चंद्रेश्वर हाता निवासी मुकेश ने दर्ज कराया, जिसमें हजारों की भीड़ को आरोपित बनाया गया है। दो मुकदमों में कई नाम समान हैं। कुल मिलाकर ३६ नामजद आरोपितों के नाम सामने आए हैं। उपद्रवियों के खिलाफ आइपीसी की धारा १४७, १४८,१४६,१५३, ३०७, ३२३, ३३२, ३३३, ३३६, ३५३, ४२७, ५०४, ५०६, ७ सीएलए के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।शहर की शांति और कानून व्यवस्था को खराब करने वाले एक–एक आरोपी को चिह्नित कर सख्त से सख्त कारवाई की जाएगी। घटना के कारणों की जांच की जा रही है। सभी पर एनएसए और गैंगस्टर जैसी सख्त कारवाई करने के साथ ही संपत्ति की भी जांच करके उसे कुर्क किया जाएगा। –विजय सिंह मीना, पुलिस आयुक्त

# तेज रफ्तार बेकाबू ट्रेलर ने स्कूटर में मारी टक्कर, बुजुर्ग और अधेड़ की मौत

लखनऊ। बंथरा इलाके में रविवार को तेज रफ्तार बेकाबू ट्रेलर ने एक स्कूटर में जोरदार ठोकर मार दी। इस हादसे में एक ही स्कूटर पर सवार एक बुजुर्ग और एक अधेड़ की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक उन्नाव जिले के शुक्लागंज थानान्तर्गत सर्वोदय नगर निवासी रजनीश कुमार मिश्रा (६१) और यहीं के राजेश मिश्रा (५०) रविवार शाम करीब ४ बजे बनी–मोहनलालगंज रोड पर मोहनलालगंज की ओर से अपनी स्कूटर के जरिए वापस शुक्लागंज जा रहे थे। तभी बंथरा में खसरवारा स्थित देसी शराब ठेके के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ट्रेलर (आरजे ५२जीए २७३३) ने उनकी स्कूटर में जोरदार ठोकर मार दी। इस हादसे में स्कूटर सवार रजनीश और राजेश की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बाद में सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने ट्रेलर को अपने कब्जे में ले लिया है।

# केवल सस्पेंड करने से काम नहीं चलेगा सभी धर्मों का सम्मान जरूरी : मायावती

लखनऊ। बीजेपी प्रवक्ता नुपूर शर्मा ने पैगंबर मोहम्मद पर विवादित टिप्पणी की थी। इस मामले को लेकर मायावती ने भाजपा को नसीहत दी है। मायावती ने ट्विटर पर लिखा है केवल सस्पेंड करने से काम नहीं चलेगा। बीएसपी सुप्रीमो ने बीजेपी को नसीहत देते हुए अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर लिखा कि देश में सभी धर्मों का सम्मान जरूरी। किसी भी धर्म के लिए आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल उचित नहीं है। इस



मामले में बीजेपी को भी अपने लोगों पर सख्ती से शिकंजा कसना चाहिए। केवल उनको सस्पेंड व निकालने से काम नहीं चलेगा बल्कि उनको सख्त कानूनों के तहत जेल भजेना चाहिए। दूसरे ट्वीट में मायावती ने लिखा कि इतना ही नहीं बल्कि कानपुर में अभी हाल ही में जो हिंसा हुई है, उसकी तह तक जाना बहुत जरूरी है, साथ ही इस हिंसा के विरुद्ध हो रही पुलिस कार्रवाइयों में निर्दोष लोगों को परेशान ना किया जाए, बीएसपी की यह भी मांग है।

# टॉप-जींस में दिखा एक्ट्रेस खुशी कपूर का दिलकश अंदाज

मुंबई। बॉलीवुड फिल्मकार बोनी कपूर और दिवंगत अभिनेत्री श्रीदेवी की छोटी बेटी खुशी कपूर ने अपनी आने वाली फिल्म 'द आर्चीज' के सेट से सोशल मीडिया पर तस्वीर



शेयर की है। फोटो में खुशी ब्लैक कलर के टॉप और जींस के साथ हरे रंग की जैकेट पहने हुए नजर आ रही हैं। खुशी कपूर जल्द ही बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही है। जोया अख्तर की फिल्म 'द आर्चीज' के साथ खुशी अपने अभिनय जीवन की शुरूआत करने जा रही है। इस समय खुशी ऊटी में फिल्म के अगले शेड्यूल की शूटिंग कर रही हैं। उन्होंने ऊटी से तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वह अपने किरदार के लुक में नजर आ रही हैं। गौरतलब है कि फिल्म 'द आर्चीज' में खुशी कपूर के साथ शाहरूख खान की बेटी सुहाना खान अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा भी फिल्मों में डेब्यू करने जा रहे हैं। यह फिल्म चर्चित क मिक बुक 'आर्चीज' का बॉलीवुड एडेप्टेशन है।

# छात्रा की निर्मम हत्या, खून से लथपथ पड़ा मिला शव

लखनऊ। मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कोराना गाँव में एक छात्रा की निर्मम हत्या कर दी। बीती शुक्रवार रात से छात्रा लापता चल रही थी। शनिवार सुबह छात्रा का खून से लथपथ पड़ा शव देखकर ग्रामीणों ने इसकी सूचना परिजनों व पुलिस को दी। सूचना पाकर मौका–ए–वारदात पर पहुँची पुलिस तहकीकात में जुट गई रणधीर यादव कोराना गाँव में अपने परिवार संग रहते हैं। रणधीर शटरिंग का काम करते हैं। रणधीर की एक बेटी व एक बेटा है। बेटी पारूल यादव (१६) प्रतिदिन की तरह शुक्रवार शाम को भैंस बाँधने में अपनी माँ की मदद कर रही थी। इसी बीच पारुल की माँ चूल्हे से दूध उतारने के लिए घर के भीतर गई, लेकिन जब वह वापस आई तो पारूल वहाँ पर नहीं थी परिवारजनों को लगा कि पारूल पड़ोस में किसी के घर पर गई है। लेकिन घंटो बीत जाने के बाद भी जब पारूल वापस नहीं आई, तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू कर दी। देर रात तक लापता पारूल का परिजनों को कोई सुराग नहीं लग सका। वहीं, शनिवार सुबह जब ग्रामीण शौच के लिए गए तो उन्होंने गाँव के बाहर खेत में पारूल का खून से लथपथ शव पड़ा देखा। इसके बाद ग्रामीणों ने परिजनों व पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और पुलिस हत्यारों की तलाश में जुट गई। पुलिस परिजनों व ग्रामीणों से पूछताछ कर रही है। घटनास्थल पर मिले खून को पुलिस ने फ रेंसिक जांच के लिए भेज दिया है। घटनास्थल पर पारूल की चप्पल भी पड़ी मिली। डॉग स्क्वायड व फॉरेंसिक टीम मौके पर नहीं पहुँची वहीं पारूल की मौत की खबर सुनकर परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल हो गया। पारूल की मौत के बाद से पूरे गाँव में सन्नाटा पसरा है। प्रेम–प्रसंग सहित तमाम बिंदुओं पर पुलिस कर रही जाँचरू पारूल के हत्यारों तक पहुंचने के लिए पुलिस हत्या का कारण पता करने में जुटी है। पुलिस प्रेम–प्रसंग, पैसों के लेन–देन व रंजिश सहित तमाम बिंदुओं पर जांच–पड़ताल कर रही है।करीबियों पर गहराता जा रहा शक पुलिस सूत्रों की माने तो वारदात में किसी करीबी के शामिल होने की आशंका है। पुलिस सभी की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए कई लोगों की कॉल डिटेल भी खंगाली जा रही है।

# धाकड़ के फ्लॉप होने पर कंगना रनौत ने तोड़ी चुप्पी

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने वर्ष २०२२ को अपने लिये ब्लॉकबस्टर ईयर्स बताया है। कंगना रनौत की हाल ही में फिल्म धाकड़ प्रदर्शित हुई है जो बॉक्स ऑफिस पर असफल साबित हुई है। कंगना ने वर्ष २०२२ को अपने लिये ब्लॉकबस्टर ईयर्स बताया है। कंगना रनोट ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट किया है। कंगना रनौत ने पोस्ट में लिखा है, "२०१६ में मैंने मणिकर्णिका दी, जिस फिल्म ने १६० करोड़ का बिजनेस किया था। वर्ष २०२१ में थलाइवि रिलीज हुई थी। मैंने २०२२ में बहुत ज्यादा नेगेटीविटी देखी लेकिन यह वर्ष ब्लॉकबस्टर का है। अपने आपको तैयार रखिये, यह अभी तक खत्म नहीं हुआ हैस मुझे इसे लेकर बहुत अपेक्षाएं हैं।"




**हमारे अन्य प्रतिनिधि**

संजय बाजपेई
सीतापुर
मो.9935160370

प्रियंका त्रिपाठी
नई दिल्ली

विधिक सलाहकार
सुरेश नारायण मिश्र

क्षेत्रीय सम्पादक
सौरभ कुमार, बिहार
मो.09386075289

मो० अरशद
ब्यूरो चीफ
मऊ



स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय द्वारा साई आफसेट प्रिन्टर्स, 40 भवन भातखण्डे संगीत महाविद्यालय के पीछे, कैसरब,ग लखनऊ से छपवाकर एमआईजी 2/379 रश्मिखंड शारदानगर आशियाना लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।

आर.एन.आई
UPHIN/2010/32566

सम्पादक
आरती पाण्डेय
मो.9415087228
9889745884. 9807059191. 9026560178
Email-
adbhutsamachar
@yahoo.in
adbhut_samachar
@rediffmail.com

सभी विवादों का न्यायक्षेत्र लखनऊ होगा।



समाचार पत्र में छपी समस्त प्रकार की खबरों एवं लेखों का स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय से किसी भी प्रकार का कोई लेना देना नहीं है। समाचार पत्र में छपी खबर एवं लेख पत्रकारों के अपने निजी विचार हैं। समाचार पत्र से जुड़े समस्त पत्रकारों के पद अवैतनिक हैं। और वह सब स्वतंत्र पत्रकार हैं। प्रकाशक/सम्पादक